रौल नं०.............................नाम परीक्षार्थी.............................

X-10 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2024 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुकनर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. ज्युसेपे मेत्सिनी कहाँ का क्रान्तिकारी था :– 1
(क) प्रशा का (ख) जर्मन का (ग) इटली का (घ) बोस्टन का।

2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई :– 1
(क) 1882 (ख) 1885 (ग) 1887 (घ) 1880

3. 1840 ई. में किस देश में आलू का अकाल पड़ा :– 1
(क) चीन (ख) भारत (ग) आयर लैण्ड (घ) स्पेन।

4. इंग्लैण्ड के कपड़ा व्यवसायी ऊन खरीदते थे :– 1
(क) स्टेप्लर्स से (ख) कार्डिंग से (ग) फुलर्ज से (घ) इन सभी से।

5. अठारहवीं शताब्दी के अंत तक प्रेम बनने लगे :– 1
(क) धातु के (ख) लकड़ी के (ग) कपड़े के (घ) चमड़े के।

6. श्रीलंका का राष्ट्रधर्म है :– 1
(क) हिन्दू (ख) मुस्लिम (ग) बौद्ध (घ) जैन।

7. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है :– 1
(क) वांशिगटन (ख) जिनेवा (ग) न्यूयॉर्क (घ) ऑस्ट्रिया।

8. हमारा समाज अभी भी है :– 1
(क) मातृप्रधान (ख) पितृप्रधान (ग) ये दोनों (घ) कोई नहीं।

9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई :– 1
(क) सन् 1900 में (ख) सन् 1985 में (ग) सन् 1906 में (घ) सन् 1916 में।

10. लोकतंत्र में शक्ति का स्रोत है :– 1
(क) जनता (ख) संसद (ग) प्रधानमंत्री (घ) राष्ट्रपति।

11. इनमें से किस राज्य में काली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है :– 1
(क) जम्मू और कश्मीर (ख) राजस्थान (ग) महाराष्ट्र (घ) झारखण्ड।

12. नदी घाटी के मध्य ऊँचाई से गिरने वाला झरना कहलाता है :– 1
(क) प्रपात (ख) जल प्रपात (ग) जल विद्युत (घ) बाँध।

13. निम्न में से कौन–सा जूट उत्पादक राज्य है :– 1
(क) केरल (ख) पश्चिम बंगाल (ग) असम (घ) आन्ध्र प्रदेश।

14. निम्न में से कौन–सा ऊर्जा का परम्परागत स्रोत है :– 1
(क) कोयला (ख) पवन ऊर्जा (ग) सौर ऊर्जा (घ) ज्वारीय ऊर्जा

15. मोनाजाइट रेत में निम्न में से कौन–सा खनिज पाया जाता है :– 1
(क) खनिज तेल (ख) यूरेनियम (ग) थोरियम (घ) कोयला।

16. लड़की अपने भाई के जैसी क्या चाह सकती है :– 1
(क) साइकिल (ख) बाइक (ग) स्वतंत्रता (घ) योग्यता।

17. द्वितीयक क्षेत्र को कहा जाता है :– 1
(क) सेवा क्षेत्र (ख) कृषि एवं सहायक क्षेत्र
(ग) औद्योगिक क्षेत्र (घ) उपर्युक्त सभी।

18. घर के लिये लिया गया ऋण कहलाता है :– 1
(क) माँग ऋण (ख) देन ऋण (ग) आवास ऋण (घ) ये सभी।

(पृष्ठ पलटिए)

19. निम्न में से कौन–सा एक विकसित देश है :– 1

(अ) भारत (ब) ब्राजील (स) फ्रांस (द) बांग्लादेश।

20. बाजार में हमारी भूमिका किस रूप में हो सकती है :– 1

(क) उत्पादक के (ख) उपभोक्ता के

(ग) दोनों के (घ) इनमें से कोई नहीं।

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड–अ

21. यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में संस्कृति के योगदान को दर्शाने के लिए तीन उदाहरण दीजिए। 4

**अथवा**

'वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था' का क्या तात्पर्य है?

22. हमारे संविधान–निर्माताओं ने देश के लिए धर्मनिरपेक्ष राज्य का रूप क्यों चुना था? स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

भारत में लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक किन्हीं तीन दशाओं का उल्लेख कीजिए।

23. पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते हैं? वन एवं वन्य जीवों के लिए इसका क्या महत्व है? 4

**अथवा**

भारत में सड़क परिवहन की दो प्रमुख समस्याएँ लिखिए।

24. सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद से आप क्या समझते हैं? 4

**अथवा**

मुद्रा के प्रयोग से वस्तुओं के विनिमय में सहुलियत कैसे आती है?

### उपखण्ड – ब

25. असहयोग आन्दोलन क्यों प्रारम्भ किया गया? आन्दोलनकारियों के चार कार्य लिखिए। 6

**अथवा**

औद्योगिक क्रान्ति से क्या लाभ हुए?

26. विकेन्द्रीकरण क्या है? इसके लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था दी गई है? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए। 6

**अथवा**

राजनैतिक दल का क्या तात्पर्य है? लोकतंत्र में राजनैतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं की विवेचना कीजिए।

27. हमारे देश में जल का अभाव प्रतिदिन क्यों बढ़ता जा रहा है? चार कारण दीजिए। 6

**अथवा**

खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? खनिजों के संरक्षण की किन्हीं तीन विधियों की व्याख्या कीजिए।

28. संगठित व असंगठित क्षेत्रक से आप क्या समझते हैं? असंगठित क्षेत्रक के श्रमिकों का संरक्षण कैसे किया जाए। 6

**अथवा**

भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत किन कारणों से हुई? इसके विकास के बारे में पता लगाइए।

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:– 10

29. (क) भारत के किसी एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र ▬ ▬

(ख) सलाल बाँध ▬▬

(ग) राजस्थान की राजधानी ●

(घ) दक्षिण भारत की नदी ○

(ङ) कपास उत्पाद का एक प्रमुख क्षेत्र ⬡

नाम परीक्षार्थी.................................................अनुक्रमांक.............................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

